# राजकीय महाविद्यालय, नगरोटा बगवाँ

जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176047

# वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र : 2018–19

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

## श्री अरूण कुमार

(माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र, नगरोटा बगवां, हि.प्र.)

प्रस्तुतकर्ताः

अशोक कुमार चौधरी

प्राचार्य

दिनांक : 05-03-2019

## स्वागत एवं सम्बोधन

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ की ओर से मैं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सत्र 2018-19 के मुख्यातिथि श्री अरूण कुमार, माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवाँ, हि०प्र०, उपस्थित गणमान्य अतिथिगण, अभिभावक वर्ग, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, पी.टी.ए. के पदाधिकारी, प्रैस-मीडिया प्रतिनिधि, केन्द्रीय छात्र परिषद व समस्त विद्यार्थियों का समारोह में पधारने व शोभा बढ़ाने हेतु हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करता हूँ। मैं विशेष रूप से आज के मुख्यातिथि श्री अरूण कुमार जी का अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने बावजूद व्यस्तताओं के समारोह में पधारकर इसकी गरिमा बढ़ाई।

मैं संक्षेप में महाविद्यालय की वर्ष 2018-19 का प्रगति विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ जो विद्यार्थियों तथा प्राध्यापक वर्ग की उपलब्धियों को रेखांकित करता है।

## परिचय

महोदय, इस महाविद्यालय की स्थापना धौलाधार के सौंदर्यमयी आँचल में स्थित नगरोटा बगवाँ उपनगर में वर्ष 2006 हुई थी। वर्तमान में इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों में अध्ययन चल रहा है। यह हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय में कॉमर्स, अंग्रेजी तथा इस सत्र से गणित विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएं चल रही हैं। यह महाविद्यालय दूरस्थ चंगर स्थित गांवों के छात्रों को उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने और उन्हें अपनी अभिरूचियों व सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। वास्तव में ही इस महाविद्यालय ने अपने स्थापना काल से अब तक धीरे-धीरे निरन्तर विकास किया है और हमें आशा व विश्वास है कि यह भविष्य में भी प्रगति मार्ग पर अग्रसर रहेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य पद के अतिरिक्त प्राध्यापकों के 28 पद सृजित है। इसमें 24 प्राध्यापक नियमित, 4 अनुबंध पर कार्यरत हैं। पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक लाइब्रेरियन, कार्यालय कर्मचारी वर्ग में एक पद अधीक्षक, वरिष्ठ सहायक एक पद, कनिष्ठ सहायक एक पद, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक एक पद, कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक एक पद एवं प्रयोगशाला सहायक वर्ग में चार पद भरे हुए हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग में छह पद भरे हुए हैं।

लिपिक वर्ग में दो, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक वर्ग में एक, कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक वर्ग एक तथा प्रयोगशाला सहायक वर्ग में एक पद रिक्त है।

## आगमन

महोदय वर्ष 2018-19 में कार्यग्रहण करने वाले प्राध्यापक व कर्मचारियों का विवरण इस प्रकार है :

प्राचार्य डॉ० अशोक चौधरी ने इसी सत्र में राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर से स्थानान्तरित हो कर राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला।

इस वर्ष निम्नलिखित प्राध्यापक इस महाविद्यालय में सम्मिलित हुए :

| | | |
|---|---|---|
| प्रो० कल्पना ऋषि | सह–आचार्य, अर्थशास्त्र | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर से |
| प्रो० हर्षा राणा | सहायक–आचार्य, अंग्रेजी | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर से |
| प्रो० राजेश कुमार | सहायक–आचार्य, इतिहास | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर से |
| प्रो० राजेश कौंडल | सह–आचार्य, जीव विज्ञान | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर से |
| प्रो० आशिष रंजन | सहायक आचार्य, गणित | राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर से |
| प्रो० अजय शर्मा | सहायक आचार्य, रसायन विज्ञान | राजकी महाविद्यालय, पालमपुर से |

श्री अरविन्द ने कनिष्ठ कार्यालय सहायक (JOA) का पदभार संभाला तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कमला देवी ने कार्यभार संभाला ।

## स्थानान्तरण

प्राचार्य प्रो० अशोक गुप्ता इसी सत्र में इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर स्थानान्तरित हुए । प्रो० राजेन्द्रा भारद्वाज पद्दोन्नत हो कर प्राचार्य पद पर राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में नियुक्त हुई ।

इसी सत्र में निम्नलिखित सदस्य महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुए :

| | | |
|---|---|---|
| प्रो० संजीव कुमार | सह–आचार्य, अर्थशास्त्र | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर |
| प्रो० रितु बाला | सहायक आचार्य, रसायन विज्ञान | राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला |
| प्रो० दीपशिखा | सहायक–आचार्य, अंग्रेज़ी | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर |
| प्रो० प्रकाश चन्द | सहायक–आचार्य, इतिहास | राजकीय महाविद्यालय, मझीण |
| प्रो० सुमन कटोच | सह आचार्य, गणित | राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला |

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पुष्पा देवी महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुईं ।

## विद्यार्थियों की संख्या

महोदय, सत्र 2017-18 में इस महाविद्यालय में छात्र संख्या 2863 थी जो वर्तमान में 2954 हो गई है । जिसमें 920 लड़के तथा 2034 लड़कियां है । जिनमें 270 अनुसूचित वर्ग, 159 अनुसूचित जनजाति, 2037 अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हैं ।

## गृह परीक्षा :

महाविद्यालय में सत्र 2018-19 में डॉ० अनिल खट्टा के समन्वय में आयोजित गृह परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति 95% रही । जो विद्यार्थी किसी कारणवश उक्त परीक्षा नहीं दे पाए उन्हें पुनः एक विशेष अवसर प्रदान किया गया

ताकि वार्षिक परीक्षा में बैठने की उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके। समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिकी परीक्षा एवं प्रदत्त कार्य सभी विभागों द्वारा सम्पन्न करवाए गए।

## केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद :

इस वर्ष केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद का चयन शैक्षणिक योग्यता के आधार पर 4-10-2018 को हुआ जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए :

| पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|
| प्रधान | विशद कुमार | M.Sc. I |
| उप-प्रधान | शिल्पा चौधरी | M.Com. III |
| सचिव | प्रियंका कौंडल | B.A. I |
| संयुक्त सचिव | प्रान्शिता शर्मा | B.Sc. III |

इसके अतिरिक्त 14 कक्षा प्रतिनिधि मनोनीत किए गए और 2-2 प्रतिनिधि सांस्कृतिक, खेलकूद, रेड रिबन क्लब और रोवर्ज व रेंजर्स से मनोनीत किए गए। प्राचार्य श्री अशोक गुप्ता व प्राचार्य श्री अशोक चौधरी ने चुने गए सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई और बैजिज़ पहना कर सम्मानित किया। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए डॉ० अनिल खट्टा (ARO) चुनाव समिति, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं।

## अभिभावक-अध्यापक संघ :

अभिभावक-अध्यापक संघ का चुनाव प्राचार्य श्री अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में दिनांक 4 सितम्बर 2018 हो हुआ जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए :

1. श्री जगदीश विज - प्रधान
2. श्रीमति सुमना देवी - उप-प्रधान
3. डॉ० राजीव कुमार - सचिव
4. श्रीमति किरना देवी - सह सचिव
5. श्री अजय वालिया - मुख्य सलाहकार
6. प्रो० सोनिका - अंकेक्षक
7. श्री जोगिन्दर सिंह - कोषाध्यक्ष

इस सत्र में पी०टी०ए० फंड में 6,41,957/- रूपए की राशि एकत्रित हुई जिसमें 5,34,265/- रूपए महाविद्यालय की विभिन्न छात्रोपयोगी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु व्यय किए गए। इस समय पी०टी०ए० में शेष 1,07,692/- रूपए की राशि जमा है।

## छात्रवृत्तियां :

शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली वार्षिक छात्रवृत्तियों संबंधी पूर्ण जानकारी मांग पत्र सहित कार्यालय को भिजवा दी गई है जिसका विवरण इस प्रकार है

| | वर्ग | विद्यार्थी | धन वितरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सतलुज जल विद्युत निगम (SJVM) | 01 | 24,000/- |
| 2. | ओ बी सी (OBC) | 50 (8 M & 42 F) | 40,000/-<br>+ 1,68,000/-<br>= 2,08,000/- |
| 3. | आई.आर.डी.पी. (IRDP) | 19 (6 M +13F) | 22,800/- |
| 4. | जनजातीय (ST) | 04 (F) | 16,000/- |
| 5. | अनुसूचित (SC) | 11 (4M+7F) | 20,000/-<br>+28,000/-<br>= 48,000/- |
| 6. | कल्पना चावला (Kalpana Chawala) | 19 | 2,85,000/- |
| | Total | 104 | 6,03,800/- |

## महाविद्यालय पुस्तकालय :

महोदय, महाविद्यालय में स्थापित पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या 5501 है । 12 समाचार पत्र व 19 पत्रिकाएं छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं । प्रबुद्ध जनों द्वारा 157 पुस्तकें महाविद्यालय को भेंट की गई हैं ।

## 'बागवाँ' वार्षिक पत्रिका :

महाविद्यालय छात्रों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को निखारने हेतु वार्षिक पत्रिका 'बागवाँ' का प्रकाशन करता है । वर्ष 2018-19 का अंक शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। सह-आचार्य डॉ० मीनाक्षी दत्ता पत्रिका की मुख्य संपादक हैं ।

वर्ष 2018 में बागवाँ पत्रिका का संपादक मण्डल इस प्रकार है :

| अनुभाग | प्राध्यापक संपादक | छात्र संपादक | कक्षा |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | डॉ० मीनाक्षी दत्ता | पायल पटियाल | बी०ए० छठा सत्र |
| अंग्रेजी | प्रो० एस.एस. रन्धावा | मनीषा राय | एम०ए० चौथा सत्र |
| संस्कृत | डॉ० अंजन बाला | मिलन | बी०ए० छठा सत्र |
| विज्ञान | प्रो० अनिल खट्टा | पारुल शर्मा | बी०एस०सी० छठा सत्र |
| योजना मंच | प्रो० कल्पना ऋषि | अरविंद | एम०कॉम० दूसरा सत्र |
| पहाड़ी | डॉ० अजय कटोच | आरजू | एम०कॉम० चौथा सत्र |

## हिन्दी दिवस :

14 सितम्बर 2018 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में डॉ० मीनाक्षी दत्ता के निर्देशन में विद्यार्थियों ने काव्यपाठ प्रतियोगिता, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता व निबन्ध लेखन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया । प्राचार्य प्रो० अशोक गुप्ता व प्राचार्य डॉ० अशोक चौधरी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया ।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ :

सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन छात्रों के पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए अति आवश्यक है । सांस्कृतिक गतिविधियाँ छात्रों में छुपे गुणों को निखारने में योगदान देती हैं । वर्ष भर की सांस्कृतिक गतिविधियां इस प्रकार हैं :

❖ दिनांक 8 सितम्बर, 2018 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित शहीद कै० विक्रम बतरा दिवस पर चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया जिसमें निम्नलिखित छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए :

1. सुलभा (B.Sc. V Semester ) - रंगोली प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार
2. कृष्णा (B.Sc. V Semester) - चित्रकला प्रथम पुरस्कार
3. पारुल (B.Sc. V Semester) - काव्यपाठ द्वितीय पुरस्कार

❖ हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह (Youth Festival) [Group I] दिनांक 11 अक्तूबर से 15 अक्तूबर 2018 तक राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला में आयोजित हुआ । जिसमें इस महाविद्यालय के छात्र प्रतिभागियों ने चित्रकला, रंगोली, वाद-विवाद, भाषण, मिमिकरी, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग और फोटोग्राफी में भाग लिया ।

❖ राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित युवा समारोह (ग्रुप II) पाश्चात्य समूहगान प्रतियोगिता में महाविद्यालय

के छात्रों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

- ❖ राजकीय महाविद्यालय देहरी में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में साहिल सूद (एम.ए. अंग्रेज़ी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ महाविद्यालय में 29 दिसम्बर 2018 को केन्द्रीय छात्र परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सबरस' आयोजित किया गया। इसमें एकलगान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता, लघु-नाटिका का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि प्राचार्य डॉ० अशोक चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## रोवर्ज़ एंड रेंजर्स (Rovers & Rangers):

- ❖ इस ईकाई में प्रो० राजीव कुमार व प्रो० सुनीता देवी के मार्गदर्शन में 24 रोवर्ज़ व 24 रेंजर्स को पंजीकृत किया गया।
- ❖ महाविद्यालय की रोवर्ज़-रेंजर्स ईकाई ने 15 अगस्त 2018 को भव्य परेड का आयोजन किया। उपमण्डल दण्डाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।
- ❖ 10 सितम्बर 2018 को नशा उन्मूलन हेतु कांगड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक श्री सन्तोष पटियाल द्वारा विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी गई और उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।
- ❖ 21 नवम्बर 2018 को सभी रोवर्ज़-रेजर्स ने महाविद्यालय की सफाई की।
- ❖ इस ईकाई के चार छात्रों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम 2018 में मण्डी जिला के रिवाल्सर में भाग लिया।
- ❖ 4 दिसम्बर 2018 को स्थानीय झील एवं धार्मिक स्थल मच्छिन्द्र महादेव मन्दिर की सफाई की गई।
- ❖ इसी ईकाई के तीन छात्रों का चयन राज्यस्तरीय गणतन्त्र दिवस की परेड के लिए हुआ।

## खेलकूद गतिविधियाँ :

अध्ययन के साथ खेलकूद की सदा से ही महत्वपूर्ण व अहम भूमिका रही है। विद्यार्थियों के गुणात्मक एवं सर्वांगीण विकास में खेलों का अहम योगदान होता है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए डॉ० सुनील रेयात के निर्देशन में हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने शतरंज, जूडो, मुक्केबाजी, कबड्डी, फुटबॉल, कुश्ती और क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया।

- ❖ सत्र 2018-19 में बी.ए. पांचवें सत्र के शमशेर सिंह ने अन्तर्महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- ❖ अन्तर्महाविद्यालय मुक्केबाज़ी प्रतियोगिता में बी. ए. पांचवें सत्र के यमन ने काँस्य पदक जीता।

- ❖ महिला अर्न्तमहाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्रा रचना कुमारी ने काँस्य पदक जीता।
- ❖ बी.कॉम. पांचवें सत्र के पवन सिंह ने अन्तर्महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- ❖ महिला अन्तर्महाविद्यालय कबड्डी, जूडो व मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।
- ❖ दिनांक 16 फरवरी 2019 को महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्रा वर्ग में शिवानी और छात्र वर्ग में हार्दिक धीमान ने सर्वश्रेष्ठ धावक की उपलब्धि प्राप्त की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :

- ❖ प्रो० अनिल द्वारा महाविद्यालय के 100 छात्र व छात्राओं को NSS में पंजीकृत किया गया।
- ❖ दिनांक 18 जुलाई, 2018 को महाविद्यालय परिसर की सफाई में 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।
- ❖ दिनांक 1 व 2 सितम्बर, 2018 को NSS इकाई ने केरल बाढ़ पीड़ितों के लिए 10,695 रू० एकत्रित कर 'Kerala National Calamities Relief Fund' में जमा करवाए।
- ❖ महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त करवाने के लिए दिनांक 21 नवम्बर, 2018 को रोवर्ज़ व रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, कॉमर्स सोसायटी एवम् खेल इकाई द्वारा एक दिवसीय 'सफाई अभियान' का आयोजन किया गया। जिसमें 200 स्वंयसेवियों ने भाग लिया।
- ❖ दिनांक 01 दिसम्बर, 2018 को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय शिविर में पौधारोपण किया गया एवं फूलों हेतु क्यारियाँ बनाई गई।
- ❖ 30 दिसम्बर 2018 से 05 जनवरी 2019 तक चले सात दिवसीय शिविर में 50 राष्ट्रीय स्वयं सेवियों ने भाग लिया। इस शिविर में अनुभवी स्त्रोतविदों द्वारा अपने विचारों व अनुभवों से छात्रों को लाभान्वित किया गया।
- ❖ इस शिविर के अन्तर्गत एक दिवसीय भ्रमण के लिए विद्यार्थयों को मच्छिन्द्र महादेव और मूमता गाँव का एक दिवसीय भ्रमण करवाया गया। शिविर के अन्तिम दिन उत्कृष्ट स्वयंसेवियों को प्राचार्य डॉ० अशोक चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया।

## इको क्लब (Eco Club):

इको क्लब की समन्वयक प्रो० अंजना खरवाल के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 4 दिसम्बर, 2018 को मूमता गाँव में 'मच्छयाल झील' की साफ-सफाई व बढ़ाई गाँव के आस-पास के जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य किया गया।

वनस्पति विभाग के सौजन्य से 19 दिसंबर, 2018 को 250 विद्यार्थियों के सहयोग से एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## रैड रिबन क्लब (Red Ribbon Club) :

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की समन्वयक प्रो० अंजना खरवाल एवं प्रो० सुनीता देवी के समन्वय में वर्ष 2018-19 में इस क्लब की गतिविधियाँ इस प्रकार रहीं :

- दिनांक 7 अप्रैल, 2018 को रंगोली प्रतियोगिता।
- दिनांक 21 अगस्त, 2018 को 'International Youth Day' पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, स्पॉट पेंटिंग, नारा लेखन, पोस्टर बनाना व काव्य पाठ प्रतियोगिताएं मुख्य रहीं। मादक व्यसन, रक्तदान, AIDS, जागरूकता, लिंग भेदभाव व बाल मजदूरी विषयों पर प्रतियोगिताएं।
- रेड रिबन क्लब द्वारा दिनांक 12 अक्तूबर, 2018 को 'स्वास्थ्य व पोषण' पर पोषण अभियान के तहत चर्चा।
- दिनांक 1 दिसम्बर, 2018 को 'एड्स जागरूकता', रंगोली प्रतियोगिता।
- महाविद्यालय परिसर से जुड़े गाँव खीर गंगा में 'एड्स जागरूकता' हेतु 1 दिसम्बर, 2018 को रैली निकाली गई।

## इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (Electoral Literacy Club):

मतदान सम्बन्धी जागरूकता हेतु महाविद्यालय में 'इलेक्टोलर लिटरेसी क्लब' का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया जिसके अध्यक्ष प्राचार्य डॉ० अशोक चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ० महेन्द्र चौहान और सचिव पद के लिए बी. ए. छठे सत्र की पूजा को चुना गया।

## कॉमर्स सोसाइटी (Commerce Society) :

कॉमर्स सोसाइटी द्वारा दिनांक 9 अप्रैल 2018 को 'विदाई समारोह' का आयोजन किया तथा तीन वर्षों की अवधि में विशेष योगदान देने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।

- महाविद्यालय में कॉमर्स सोसाइटी के सौजन्य से 01 सितम्बर 2018 को एक दिवसीय 'नशा उन्मूलन' जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिला पुलिस प्रमुख (S.P.) श्री सन्तोष पटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि पधार कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक किया।
- इसी सत्र में महाविद्यालय के एम.कॉम. के विद्यार्थियों द्वारा बद्दी में वर्धमान ईकाई में औद्योगिक भ्रमण किया गया।
- दिनांक 18 दिसम्बर 2018 को 'टेली लेखांकन' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का अयोजन किया गया जिसमें

200 छात्रों ने टैली सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ श्री राजेश राणा से कम्प्यूटर आधारित लेखांकन पर चर्चा में भाग लिया व रोजगार सम्भावनाओं पर जानकारी ली ।

## व्यवसायिक परामर्श व निर्देशन केन्द्र (Career Counselling and Guidance Cell)

- ❖ दिनांक 14 मार्च 2018 को 'Next Education Group Hamirpur (H.P.)' द्वारा विभिन्न विषयों जैसे Banking, Private Sector व Public Administration पर एक सेमिनार आयोजित किया ।
- ❖ दिनांक 31 मार्च 2018 को 'Gyan Education and Training Institute Pvt. Ltd. Chd' द्वारा आयोजित सेमिनार में रोजगार के अवसर व इनकी तैयारी के बारे में छात्रों को अवगत करवाया गया ।
- ❖ दिनांक 3 मार्च 2018 को 'IBS Institute Pvt. Ltd.' द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे SSC, Bank, P.O., सरकारी नौकरी, रेलवे, C.D.S. एवं बीमा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने सम्बन्धी जानकारी दी गई ।
- ❖ 3 मार्च 2018 को Chandigarh University Mohali द्वारा 'समय प्रबन्धन' और 'तनाव प्रबन्धन' विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
- ❖ 3 दिसम्बर 2018 को 'Chitkara University Chandigarh' द्वारा 'Higher Education and Career Prospects' विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ ।
- ❖ दिनांक 15 फरवरी 2019 को 'Rayat-Bahara University Chandigarh' द्वारा 'Career Opportunities' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया । जिसमें छात्रों को रोजगार के अवसरों के अतिरिक्त बैंकिंग, Corporate Sector, Public Administration व Personality Development के बारे में अवगत करवाया गया ।

## शैक्षणिक भ्रमण (Educational Tour)

- ❖ डॉ० महेन्द्र चौहान की अगुवाई में राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों का दल निर्वासित तिब्बती संसद स्थित धर्मशाला में गया और संबंधित जानकारी प्राप्त की ।
- ❖ वनस्पति विभाग के सौजन्य से जैव उर्वरक एवं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला पालमपुर में 50 छात्रों ने एक दिवसीय अध्ययन भ्रमण किया ।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ

वर्ष 2018-19 में हमारे महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं :

1. डॉ० महेन्द्र चौहान सह-आचार्य राजनीति विज्ञान की निम्नलिखित पाँच पुस्तकों का प्रकाशन हुआ।

   (i) "A New Approach to Democracy and Governance"

   (ii) "Human Rights, Gender and Environment"

   (iii) "Democratic Awareness with Legal Literacy"

   (iv) "Themes in Comparative Political Theory

   (v) "Administration and Public Policy"

2. डॉ० सुनील रेयात सहायक आचार्य शारीरिक शिक्षा द्वारा निम्नलिखित तीन शोध पत्रों की प्रस्तुति की गई।

   (i) "Effect of Yogic Training on Selected Haematological Variables among college students" जो International Journal of Yogic, Human Movement and Sports Sciences 2018 में प्रकाशित हुआ।

   (ii) इसी शोध पत्र को International Seminar on Educational Empowerment में भी प्रस्तुत किया गया।

   (iii) "Effect of Yogic Training on Variables Among College Students" विषय संबंधी शोधपत्र राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किया।

   (iv) "Recent trends in Physical Education and Sports" संगोष्ठी में "Advantages of Yog Mudras" विषय पर भाषण दिया।

   (v) राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ और राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता व पुरूष मुक्केबाजी प्रतियोगिता में Technical Official की भूमिका निभाई।

   (vi) इन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ से Ph.D. की उपाधि प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

3. प्रो० सुरेश शर्मा, सह-आचार्य संगीत गायन विभाग द्वारा 5 अगस्त 2018 को राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में नवआगंतुक विद्यार्थियों को 'व्यक्तित्व विकास' व 'मोटिवेशन' विषय पर व्याख्यान दिया।

   (i) 25 जून 2018 को आकाशवाणी के शिमला केन्द्र में युवा कलाकारों की स्वर परीक्षा में निर्णायक के रूप में भाग लिया।

   (ii) इन्हें 14 जून 2018 को 'हिमाचल दस्तक' द्वारा आयोजित शाम-ए-ग़ज़ल में मुख्य कलाकार के रूप में आमन्त्रित किया गया।

   (iii) 15 सितम्बर 2018 को गुंजन रेडियो द्वारा 'संगीत शिक्षा एवम् व्यक्तित्व विकास' विषय पर चर्चा की।

(iv) संगीत गायन एवं वादन +1, +2 हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की पाठ्यक्रम पुस्तकें संशोधित संस्करण प्रकाशित किया ।

4) (i) जून, 2018 में डॉ० मीनाक्षी दत्ता, सह–प्रोफेसर हिन्दी विभाग स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल (हिन्दी) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की सदस्य बनीं।

(ii) इनका 'कांगड़ा जनपदीय लीला नाट्य' एक शोध आलेख 'दशहरा' स्मारिका धर्मशाला में प्रकाशित हुआ ।

5) वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ० राजीव कुमार ने बी.कॉम. छठे सत्र के लिए 'मानव संसाधन प्रबन्ध' नाम की पुस्तक हिन्दी माध्यम से प्रकाशित की ।

6) डॉ० विनोद शर्मा सह–आचार्य भूगोल ने जिला ऊना (हि०प्र०) में सबल भारत योजना के अन्तर्गत तीन दिवसीय (7-9 अगस्त 2018) 'न्यूरोविज्ञान' विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया ।

7) (i) प्रो० हर्षा राणा सह–आचार्य अंग्रेजी विभाग, ने जम्मू विश्वविद्यालय से HRDC से पुनःश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया ।

(ii) इनके द्वारा 'Dilemma of a Working Mother' विषय पर शोध पत्र का प्रकाशन व प्रस्तुति की गई ।

(iii) प्रो० हर्षा राणा व डॉ० अंजना खरवाल ने राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।

8) डॉ० अंजन बाला डोगरा, प्रो० कल्पना ऋषि व प्रो० हर्षा राणा ने इस सत्र में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की ।

9) डॉ० आशीष रंजन सहायक प्रोफेसर गणित ने एच.आर.डी.सी. पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला में दिनांक 01-01-2019 से 28-01-19 तक उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

सभी कर्मठ प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं ।

## विकास कार्य :

मान्यवर, महाविद्यालय, विकास कार्यों में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है । इस सत्र में महाविद्यालय में हुए विकासात्मक कार्यों का विवरण इस प्रकार है ।

i) स्थाई मंच का निर्माण एवं प्रांगण में टाइल्स लगाई गईं ।

ii) महाविद्यालय भवन का रंग व रोगन ।

iii) महाविद्यालय की पहली व दूसरी मंजिल में सुरक्षा हेतु रेलिंग का विस्तार ।

iv) प्राचार्य कार्यालय का सौन्दर्यकरण ।

v) विद्यार्थियों हेतु दो आई.टी. प्रयोगशालाओं का निर्माण ।

vi) सभी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड की स्थापना ।

vii) महाविद्यालय के मैदान को समतल करवाने का कार्य अभी जारी है ।

viii) पुस्तकालय भवन का विस्तार किया गया । विद्यार्थियों की संख्या वृद्धि को देखते हुए नए मेज व कुर्सियों को खरीद कर पुस्तकालय में विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा को बढ़ाया गया ।

ix) महाविद्यालय को हर ओर से C.C.T.V. कैमरे की निगरानी से जोड़ा गया जिससे महाविद्यालय की हर गतिविधि पर नज़र रखी जा सके ।

x) छात्राओं के शौचालय में 'Sanitary Napkin Vending Machine' और 'Disposal Unit' को भी लगवाया गया ।

## आभार :

महोदय, इस समारोह में आपकी गरिमामयी उपस्थिति, सहयोग एवं सौजन्य के लिए महाविद्यालय परिवार कृतज्ञ है । मैं अपनी ओर से महाविद्यालय के सभी सदस्यों, छात्रों और पी०टी०ए० कार्यकारिणी की ओर से आपका हार्दिक धन्यवाद करता हूँ । अपनी अत्यन्त व्यस्तताओं के बावजूद समय निकालकर आपने होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया । मैं इस अवसर पर स्थानीय नगर प्रशासन, नगरोटा नगर परिषद, पी.टी.ए. कार्यकारिणी, महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग एवं कर्मचारियों और विशेषकर यहाँ की जनता का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग से यह महाविद्यालय चल रहा है । मैं स्थानीय पत्रकारों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जो हमारी उपलब्धियों और समस्याओं को जनता, प्रशासन तथा शिक्षा विभाग तक पहुँचाते हैं । हि०प्र० सरकार के विभिन्न विभागों, लोकनिर्माण विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, जल एवं सिंचाई विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद करता हूँ । अन्त में आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने किसी भी रूप में अपना सहयोग इस संस्थान को दिया है और भविष्य में भी देते रहेंगे ।

जय हिन्द !

दिनांक : 05.03.2019

अशोक कुमार चौधरी
प्राचार्य



# उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए

-स्वामी विवेकानन्द